केंद्रीय रेल विद्यु□ीकरण संगठन
मुख्यालय कार्यालय, प्रयागराज
जनसम्पर्क विभाग

दिनांक 26/10/2024

प्रेस विज्ञप्ति

“स्वच्छता **पखवाड़ा के विशेष** अभियान 4.0” **के अंतर्गत** कोर **द्वारा साइकिल रैली का आयोजन**

केन्द्रीय रेल विद्यु□ीकरण संगठन, प्रयागराज द्वारा “स्वच्छ□ पखवाड़ा के विशेष अभियान 4.0 के अंतर्गत दिनांक 26/10/2024 को प्रातः 7.30 बजे कोर मुख्यालय के मुख्य द्वार से साइक्लोथान (साइकिल रैली) का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य आम लोगों को स्वच्छता एवं पर्यावरण के संरक्षण के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री कल्याण सिंह-उप महाप्रबंधक ने हरी झंडी दिखा कर किया।

साइकिल रैली सुभाष चौराहा, हनुमान मंदिर, भारद्वाज ऋषि आश्रम, चंद्रशेखर आजाद पार्क होते हुये कोर कार्यालय के मुख्य द्वार पर सम्पन्न हुई। इस दौरान मार्ग में लोगों को वक्तव्य देते हुये स्वच्छता एवं पर्यावरण के संरक्षण के प्रति जागरुकता अभियान चलाया गया और अधिक से अधिक साइकिल के प्रयोग के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में श्री के. के. श्रीवास्तव-उप वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी, श्री ए. के. एल. श्रीवास्तव-वरिष्ठ सहायक वित्त सलाहकार, श्री फूल चन्द-सहायक अधिशासी इंजीनियर और श्री विमल कुमार जनसम्पर्क अधिकारी सहित कर्मचारियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

(कल्याण सिंह)
मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी
कोर/प्रयागराज